तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 17 फरवरी 2026

11 जिले में महाकाल की तर्ज पर निकली बाबा भूतेश्वरनाथ...

12 गोहरापदर में बैंक ऑफ बड़ौदा की नई शाखा का...




# सातमारी की पहाड़ियों से माओवादियों के डंप हथियार बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर/गरियाबंद

जिले में आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में वापस लौटे माओवादियों से गहन पूछताछ करने के पश्चात प्रतिबंधित संगठन सीपीआई माओवादी के ओडिसा राज्य कमेटी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा जिला गरियाबंद के थाना मैनपुर अंतर्गत ग्राम बडेगोबरा के सातमारी पहाडी में आटोमैटिक हथियारों के डम्प कर रखे जाने की जानकारी प्राप्त हुई। प्राप्त जानकारी के आधार पर डम्प के स्थानों को चिन्हित कर जिला मुख्यालय गरियाबंद से जिला पुलिस बल ई-30 की आप्स टीम को दिनांक 16 फरवरी को रवाना किया गया था। उल्लेखित पहाड़ी का सघन सर्च करने पर पुलिस बल ई-30 टीम ने पहाडियों में

## 2 नग एसएलआर, 1 नग इंसास व 1 नग 12 बोर हथियार किया बरामद



### वर्ष 2024 से अब तक मिली पुलिस को सफलता

1. मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों की संख्या-31
2. गरियाबंद में आत्मसमर्पित नक्सलियों की संख्या– 29
3. माओवादियों से जप्त ग्रेडेड हथियार- 31, अन्य हथियार- 42, कुल = 73
4. माओवादियों से कुल जप्त रकम -62,50,000 –
5. माओवादियों से जप्त इलेट्रिक डेटोनेटर- 304, नॉन इलेट्रिक डेटोनेटर- 22, आईईडी बम- 14, कॉर्डेक्स वायर- लगभग 114.49 मीटर, बीजीएल सेल- 57



माओवादियों द्वारा डम्प कर रखे गए 02 नग एसएलआर, 01 नग इंसास, 01 नग 12 बोर, 03 नग एसएलआर मैग्जिन, 01 नग इंसास मैग्जिन, 28 नग जिंदा एलएलआर कारतूस को बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। जिला गरियाबंद पुलिस द्वारा वर्ष 2024 से संचालित नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत 26 जनवरी 2026 के पूर्व गरियाबंद क्षेत्र में सक्रिय धमतरी-गरियाबंद-नुआपाड़ा डिवीजन के सम्पूर्ण सूचीबद्ध माओवादियों को आत्मसमर्पणध्निक्रिरय करने में सफलता प्राप्त हुई है। साथी ही माओवादियों के इस डम्प की बरामदगी के साथ क्षेत्र में माओवादी हिंसा की संभावनाओं को नगण्य करने में जिला पुलिस बल एक कदम और आगे बढ़ी है।

## खबर संक्षेप

### राजिम कुंभ कल्प का हुआ सफल समापन

**राजिम।** 15 दिवसीय राजिम कुंभ कल्प मेला त्रिवेणी संगम की पुण्य धरा राजिम पर आयोजित इस आध्यात्मिक महापर्व में प्रदेश सहित देशभर से आए लाखों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। समारोह के सफल आयोजन के लिए गरियाबंद कलेक्टर बीएस उइके, पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर ने कहा कि संत-



महात्माओं के सानिध्य, श्रद्धालुओं की आस्था और जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशासन ने आयोजन को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने में योगदान देने वाले सभी विभागों, अधिकारी-कर्मचारियों, पुलिस के जवानों, सुरक्षा बलों, स्वास्थ्यकर्मियों, स्वच्छता कर्मियों, विद्युत एवं जल आपूर्ति विभाग, परिवहन सेवाओं, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों तथा स्थानीय नागरिकों के प्रति साधुवाद एवं आभार व्यक्त किया है। जिला एवं पुलिस प्रशासन ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला क्षेत्र में स्वच्छता, पेयजल, स्वास्थ्य शिविर, यातायात नियंत्रण, पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। प्रशासन की समन्वित कार्ययोजना एवं सतत निगरानी के कारण पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। साथ ही, प्रशासन ने राजिम की जनता को विशेष धन्यवाद देते हुए कहा कि स्थानीय नागरिकों के सहयोग, अनुशासन और सेवा भावना ने इस आध्यात्मिक पर्व की गरिमा को और बढ़ाया।

### सेंदर में निषाद समाज की बैठक कल होगी

**छुईहा बेलर।** निषाद समाज सचिव परदेशी राम निषाद ने कहा की 12 पाली निषाद समाज खुटेरी चक का वार्षिक सम्मेलन 18 फरवरी को सुबह 10 बजे से ग्राम-सेंदर में आयोजित किया गया है। जिसमें जिला निषाद समाज अध्यक्ष मोती राम निषाद, चक अध्यक्ष ढेलू राम निषाद, उपाध्यक्ष छबीराम, कोषाध्यक्ष लेखु राम निषाद, लिखन निषाद, मनोहर, टोमुन, मनी राम समाज सेवक राधे लाल निषाद सहित समाज पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### ग्राम बोरसी में वजन त्योहार का आयोजन

**फिंगेश्वर।** ग्राम पंचायत बोरसी में शासन के बहुत ही महत्वपूर्ण जनकल्याणकरी योजना वजन त्योहार अंतर्गत माताओं एवं बच्चों का पोषण की स्थिति ज्ञात करने के लिए महिला एवं बाल विभाग द्वारा वजन त्यौहार का आयोजन किया गया। वजन त्यौहार पूरे राज्य में 9 से 18 फरवरी तक मनाया जा रहा है। उक्त अवसर में सती अनुसुइया साहू सरपंच, नम्रता वर्मा पर्यवेक्षक, कोमल राम साहू सचिव, सीता साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, झामिन साहू सहायिका, नेमा साहू, नीलम निषाद, ममता साहू एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सुहागा पाड़े बनीं भाजपा महिला मोर्चा मैनपुर मंडल की अध्यक्ष

**मैनपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा मैनपुर मंडल अध्यक्ष सुहागा पाड़े को नियुक्त किया गया है। अपनी



नियुक्ति पर सुहागा पाड़े ने कहा क्षेत्र में महिला मोर्चा को जमीनी स्तर पर मजबुत बनाने के लिए पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जायेगा। पार्टी ने जिस उम्मीद के साथ उन्हे यह जिम्मेदारी सौपा है उस जिम्मेदारी पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास किया जायेगा। श्रीमति पाड़े ने कहा भारतीय जनता पार्टी के नरेन्द्र मोदी एवं विष्णुदेव साय ▶▶|शेष पेज 10 पर

## हादसा : हादसे के तुरंत बाद कार चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार पलट गई

# एनएच 130 सी पर कार व बाइक की सीधी भिड़ंत में बुजुर्ग की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर/गरियाबंद

नेशनल हाइवे 130 सी मैनपुर गरियाबंद मुख्यमार्ग में भीषण सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई है। सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। नेशनल हाईवे 130 सी पर ग्राम जोबा के पास कार और मोटरसाइकिल के बीच हुई जबरदस्त भिड़ंत में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि टक्कर के बाद मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और राहगीरों की भारी भीड़ जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान ग्राम जोबा निवासी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वे सोमवार सुबह करीब 10 से 11 बजे के बीच अपने गांव से किसी निजी कार्य से गरियाबंद की ओर मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान जोबा से पहले सामने से तेज रफ्तार में आ रही कार से उनकी सीधी टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों वाहनों की ▶▶|शेष पेज 10 पर

### पुलिस की कार्रवाई और ग्रामीणों की मांग

मौत की खबर मिलते ही परिजनों में मातम छा गया और गांव में शोक का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि हादसे के समय हाईवे पर यातायात सामान्य था, लेकिन अचानक हुई इस दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर जाम जैसी स्थिति बन गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात को व्यवस्थित कराया



और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे हटवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना हादसे का संभावित कारण माना जा रहा है, हालांकि पुलिस कार चालक की स्थिति, वाहन की गति, सड़क की परिस्थिति तथा अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच कर रही है। वाहन चालक से पूछताछ भी की जा रही है। स्थानीय लोगों ने इस मार्ग पर लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों को लेकर चिंता जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, इसलिए प्रशासन को स्पीड कंट्रोल, चेतावनी संकेतक और नियमित पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की जरूरत है। इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन की आवश्यकता को उजागर कर दिया है। प्रशासन ने वाहन चालकों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने, ओवरस्पीड से बचने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है, ताकि इस तरह की दुखद घटनाओं से बचा जा सके।

### बाइक गड्ढे में गिरी, एक की मौत, दो घायल

**पाण्डुका।** शिवरात्रि की रात राजिम मेला देखकर घर वापस आ रहे हैं बाइक सवार दुर्घटना का शिकार हो गए जिसमें मौके पर एक युवक की मौत हो गई तो वहीं दूसरा गंभीर बताया जा रहा है। जो होश में नहीं है और तीसरा घायल व्यक्ति



का हालत थोड़ा ठीक है। घटना बीती रात लगभग 11 बजे की बताई जा रही है पांडुका थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तौरेंगा के आश्रित ग्राम दीवना के घाट की है। जिसमें ग्राम रजनकटा (न्यू शांतिनगर) निवासी यादराम सोनी पिता भोला सोनी की मौके पर मौत हो गया था उसके साथ ग्राम दीवना के मुकेश ध्रुव एवं तुमेश यादव दोनों भी साथ में मौजूद थे। तीनों स्प्लेंडर पर सवार होकर राजिम मेला देखने गए थे वापसी में यहां घटना घटित हो गया और गड्ढे में बाइक जा गिरा जिसमें एक की तो मौके पर मौत हो गई पर दोनों घायल रात भर गड्ढे मे वहीं बेहोशी की हालत में पड़े रहे। जब तुमेष यादव को होश आया तो लगभग सुबह 10 बजे सड़क पर आकर लोगो को घटना की जानकारी दी ग्रामीणों की मदद से यह जानकारी परिवार वालों को दिए जिस पर ग्रामीण पहुंचे वा इसकी जानकारी पुलिस को दी यादराम सोनी रजनकटा निवासी का मौके पर मौत हो गया था तो वही मुकेश कुमार के सर में गंभीर चोट आई है जिससे अभी वह बेहोशी की हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती है तो वहीं तुमैश की हालत थोड़ा बेहतर बताया जा रहा है। अंदेशा लगाया जा रहा है कि बाइक स्पीड में रही होगी और सम्हाल नहीं पाया और गड्ढे में जा गिरा होगा, मौके पर पाण्डुका पुलिस पहुंच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। और लाश को पोस्ट मार्टम के लिय भेज दिया गया है।

# फिंगेश्वर में 21 सौ दीपों से जगमगाया शिवालय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पंच कोशिय महादेव फणिकेश्वर महादेव में बाबा फणिकेश्वर नाथ सेवा समिति के युवक -युवतियों द्वारा भव्य पूजा अर्चना के साथ विविध आयोजन कर नगर वासियों को अभिभूत कर दिए। इस अवसर पर मंदिर को फूलों एवं रंगीन लाईट से आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा आतिश बाजी किया गया। शिव रात्रि पर्व पर सुबह से मंदिर परिसर में खीर पूड़ी का प्रसादी वितरण किया गया, इस पूरे आयोजन में समिति के सदस्यों-हिमांशु सोनी, गौरव, शेषनारायण, केदार निषाद, अमित अग्रवाल, यश शर्मा, योगेश राजपूत, कुणाल, योगेश, अजय, मोनू, तुषार यादव, खेमू ध्रुव, रूपेंद्र तारक, सुनीता श्रीवास, अनीता सोनू सोनी, मानसी सोनी, योगिता, चुनचुन, गुनगुन, वीणा निषाद, पारुल यदु, डाली शुक्ला, मनीषा, दुर्गा बया, मौली शताक्षी हरित, लोरी तिवारी,



सुरभि ध्रुव आदि सेवा समिति के सदस्यों का सहयोग रहा। 21 सौ दीप श्रृंखला का प्रज्वलन शुभारंभ ॐ अक्षर दीप माला एवं गौरी शंकर विवाह की दीप से किया गया। इस आयोजन में नगर के वरिष्ठ नागरिक बिसौहा हरित, दूजलाल बंजारे, संतोष पूरी गोस्वामी, धनंजय हरित, दादू महराज, सनकादी क चौबे सहित युवराज आदित्येन्द्र बहादुर सिंह का उपस्थिति रहा। बाबा फणिकेश्वर नाथ सेवा समिति द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया।

# तुपेंगा-शुक्लाभाठा-मोहंदा आज भी पक्की सड़क के लिए बाट जोह रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के दुरस्थ वनांचल मैनपुर से महज 09 किमी दूर नेशनल हाइवे गरियाबंद मार्ग से तुपेंगा होते हुए शुक्लाभाठा मोहंदा तक पक्की सड़क निर्माण की मांग लंबे समय से किया जा रहा है लेकिन इस गंभीर समस्या की ओर अब तक ध्यान नही देने के कारण इस क्षेत्र के ग्रामीणो को भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। खासकर स्कूली छात्र-छात्राओ को स्कूल आने जाने में जंगल मार्ग का सामना करते हुए परेशानी झेलना पड़ रहा है। इस मार्ग में मनरेंगा योजना के अलावा कई योजनाओं के तहत पूर्व में लाखों रूपये खर्च कर रपटा पुल का



निर्माण किया गया है और तो और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा सड़क निर्माण के लिए तीन बार सर्वे कार्य किया जा चुका है लेकिन अब तक सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने से इस क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों ने पक्की सड़क निर्माण की मांग किया है इस मार्ग में ग्राम पंचायत के द्वारा पूर्व में जो रपटा निर्माण किया गया था वह जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होकर टूट फूट रहा है और लोग दुर्घटना के शिकार भी हो रहे है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग आज भी पक्की सड़क के अभाव में मूलभूत बुनियादी सुविधाओ को तरस रहे है गांव में पक्की सड़क निर्माण किया जाना बेहद जरूरी हो गया है लेकिन इस ओर संबंधित विभाग द्वारा ध्यान नहीं देना समझ से परे है।

# राजीव लोचन मंदिर से निकली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ के प्रयाग राजिम में महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर राजीव लोचन कुलेश्वर महादेव ट्रस्ट कमेटी द्वारा परंपरागत रूप से महाशिवरात्रि के महापर्व में भगवान कुलेश्वरनाथ जी मंदिर के शिखर पर नए ध्वज की स्थापना की जाती है। ये प्रथा सदियों पुरानी है, जो श्रद्धालुओं के बीच अटूट आस्था का प्रतीक बनी हुई है। महाशिवरात्रि के महापर्व पर उत्सव और भव्य और दिव्य हो जाता है, जब हजारों श्रद्धालु राजिम कुंभ कल्प में मौजूद रहते है। आदि काल से ऐसी प्रथा है, कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान राजीव लोचन मंदिर से थाल में प्रसादी और ध्वज लेकर ट्रस्टी पुजारी भगवान कुलेश्वरनाथ जी मंदिर पहुंचते है, और वहां भगवान कुलेश्वरनाथ जी के शिखर में नए ध्वज पताका की स्थापना की जाती है। ऐसी मान्यता है कि वनवास के वक्त प्रभु श्री राम माता सीता और लक्ष्मण जी जब यहां पहुंचे तो माता सीता ने अपने कुल के देवता की पूजा बालू के शिवलिंग बनाकर की थी, और जैसे जैसे उन्होंने बालू निर्मित शिवलिंग पर जल अर्पित किया वैसे



ही भगवान शिव जी का मुख बनते गया। इसी कारण कुलेश्वरनाथ जी को पंचमुखी महादेव भी कहा जाता है। आस्था, आध्यात्म और संस्कृति का अनूठा संगम राजिम प्रणाम में हर वर्ष महाशिवरात्रि के दिन लाखों लोग राजिम पहुंचते है, और भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर, और कुलेश्वरनाथ जी मंदिर का दर्शन कर पुण्य लाभ लेते है। शाही यात्रा के दौरान राजीव लोचन मंदिर ट्रस्ट कमिटी के अध्यक्ष राम सुंदर दास जी महंत, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, अनिल तिवारी, राघोबा महाड़िक, लोकेश पांडे, श्रवण सिंह ठाकुर, चंद्रभान सिंह ठाकुर, राजेंद्र सिंह मनु, रामकुमार सिंह ठाकुर, बैकुंठ सिंह ठाकुर, भारत सिंह ठाकुर, पुरुषोत्तम मिश्रा, निर्मल दास, जागेश्वर शर्मा, ठाकुर कमलेश सिंह, ठाकुर प्रमोद सिंह, राम कृष्ण कश्यप, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## अरूण गोविल को देखकर राजिम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

# राम केवल इतिहास नहीं, जीवन का आदर्श हैं : अरुण गोविल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

महाशिवरात्रि के पावन पर्व और राजिम कुंभ कल्प के समापन अवसर पर देर रात मेरठ के सांसद व मुंबई के फिल्मी अभिनेता अरूण गोविल को राजिम के मुख्य मंच में उपस्थित दर्शकदीर्घा ने जैसे ही देखा कि रामायण के राम साक्षात उनके सामने खड़े है तालियो की गड़गड़ाहट और जय श्रीराम के जयकारे से गुंज उठा। नजदीक से देखने का अनुभव और आनंद कुछ अलग ही होता है यह सौभाग्य समूचे राजिम क्षेत्र को मिला। महाशिवरात्रि की पावन बेला में भक्ति और भावनाओं का अदभुत संगम नजर आया। अरुण गोविल, जिन्हें देशभर में रामायण में भगवान राम की भूमिका के लिए आज भी श्रद्धा से याद किया जाता है। वर्तमान में वे मेरठ से सांसद हैं और मुंबई से राजिम पहुंचे थे। श्री गोविल ने कहा कि राम केवल पूजने के लिए नहीं, अपनाने के लिए हैं। अपने सारगर्भित और ओजस्वी उदबोधन में उन्होने भगवान श्रीराम के चरित्र की गहराई और प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि राम केवल एक ऐतिहासिक या धार्मिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि जीवन जीने की सर्वोच्च पद्धति हैं। उन्होंने मर्यादा, त्याग, सत्यनिष्ठा और कर्तव्यपालन को राम के चरित्र की आधारशिला बताया। श्री गोविल ने कहा कि आज के दौर में जब समाज विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा है, तब राम के आदर्शों को व्यवहार में उतारना आवश्यक होगा। कहा कि चरित्र की शक्ति और राष्ट्र निर्माण की भावना हो। भगवान श्रीराम का जीवन हमें सिखाता है कि सत्ता से अधिक महत्वपूर्ण है सेवा, अधिकार से अधिक महत्वपूर्ण है कर्तव्य और विजय से अधिक महत्वपूर्ण है ▶▶|शेष पेज 10 पर

### छत्तीसगढ़ के पवित्र धर्म स्थल राजिम पहुंचना मेरा सौभाग्य





मुख्य मंच से रामकथा के प्रेरक प्रसंगों का सरल और भावपूर्ण वर्णन करते हुए रामायण में भगवान श्रीराम की भूमिका निभाकर घर-घर में पूज्य बने अरुण गोविल ने कहा कि रामायण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाला आदर्श मार्ग है। उन्होंने श्रीराम के जन्म, विवाह, वनवास, सुग्रीव से मित्रता, संजीवनी बूटी प्रसंग, रावण से युद्ध और अंततः विजय जैसे प्रसंगों के माध्यम से बताया कि रामायण हमें परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाने की प्रेरणा देती है। कहा कि परिवार में कोई भी निर्णय सामूहिक सहमति से लेना चाहिए, दांपत्य जीवन में हर परिस्थिति में साथ निभाना चाहिए और भाईचारे का आदर्श लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न से सीखना चाहिए। कथा के दौरान उन्होंने राम सिया राम, सिया राम जय जय राम, मंगल भवन अमंगल हारी, मेरे झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, राम आएंगे जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उन्होंने भावुक होकर कहा कि तेरह वर्ष पूर्व भी इसी मंच से उन्होंने रामकथा का प्रसंग सुनाया था और आज पुनः इसी पावन भूमि पर उपस्थित होना उनके लिए सौभाग्य की बात है।

# अंचल से ठंड की विदाई अब सताएगी तेज गर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



अंचल में ठंड अब लगभग विदा हो चुकी है और मौसम तेजी से गर्मी की ओर बढ़ रहा है। दो पश्चिमी विक्षोभ के असर से तापमान में लगातार बदलाव देखा जा रहा है। सोमवार को न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 30 डिग्री पर स्थिर रहा। इससे दिन में तेज धूप और गर्माहट का अहसास होने लगा है। अब दोपहर के समय धूप चुभने लगी है, जिससे लोगों को हल्की गर्मी का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि 15 फरवरी के बाद तापमान में बढ़ोतरी का क्रम शुरू हो जाएगा। फरवरी समाप्त होने से पहले ही गर्मी का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखने लगेगा। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार, लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करेंगे, जिससे मौसम शुष्क बना रहेगा। इसके बाद तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज होगी। अनुमान है कि अगले सप्ताह के भीतर न्यूनतम तापमान 18 से 20 डिग्री तक पहुंच सकता है, जिससे रात में महसूस हो रही हल्की ठंड भी खत्म हो जाएगी।15 फरवरी के बाद दिन के तापमान में ▶▶|शेष पेज 10 पर

**खबर संक्षेप**

### मुनि सुयश सागर का नगर प्रवेश, फाफाडीह में बहेगी धर्म की गंगा

रायपुर। सन्मति नगर दिगंबर जैन खंडेलवाल मंदिर में पट्टाचार्य विशुद्धसागर महाराज के शिष्य मुनि सुयश सागर और मुनि कौशल्य सागर का रविवार शाम को मंगल प्रवेश हो गया है। जैन मंदिर प्रवेश के अवसर पर जैन समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष अरविंद बड़जात्या ने बताया कि मुनि संघ पदविहार कर बलौदाबाजार, भाटापारा, नेवरा, सिमगा, सांकरा होते हुए सुबह ग्राम गिरोद स्थित जिनेंद्र कुमार, जयेश कुमार पाटनी के परिसर अहारचर्या के बाद विहार कर सायं 5.30 बजे मुनि संघ का प्रवेश फाफाडीह जैन मंदिर में सकल दिगंबर जैन समाज की उपस्थिति में हुआ। इसी दौरान मुनिश्री ने अपने उद्बोधन में कहा, जब जो मिलना है, वह निश्चित है। आप सभी के पुरुषार्थ चलते संपूर्ण रायपुर के समाज को धर्मलाभ मिलने जा रहा है।

### सिकलसेल मरीजों की विशेष ओपीडी आज से

रायपुर। आंबेडकर अस्पताल के बाल्य एवं शिशु रोग विभाग द्वारा सिकलसेल रोग से पीड़ित बच्चों के लिए विशेष दवाई वितरण, आवश्यक जांच तथा न्यूमोकोकल वैक्सीनेशन के लिए 16 से 23 फरवरी तक विशेष ओपीडी आयोजित की जाएगी। इस दौरान सिकलसेल रोगियों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया जाएगा। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीजों की समुचित जांच कर परामर्श दिया जाएगा तथा अभिभावकों को रोग प्रबंधन, पोषण एवं संक्रमण से बचाव संबंधी आवश्यक जानकारी भी प्रदान की जाएगी। अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने कहा कि अभिभावक, निर्धारित तिथियों में अपने बच्चों को शिविर में अवश्य लाएं, ताकि समय पर उपचार एवं टीकाकरण सुनिश्चित किया जा सके। यह पहल सिकलसेल रोगियों के बेहतर स्वास्थ्य एवं जीवन गुणवत्ता में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### धोबी समाज का महाधिवेशन परिचय सम्मेलन 22 को

रायपुर। बालोद जिले के आमदी स्थित पलारी में 22 फरवरी को धोबी समाज का महाधिवेशन आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के विवाहयोग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन का भी कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे समाज के प्रदेशाध्यक्ष सूरज निर्मलकर करेंगे। अधिवेशन में विवाहयोग्य युवक-युवती परिचय देकर अपना मनपसंद जीवनसाथी का चयन कर सकेंगे। साथ ही सामाजिक एकता और जागरूकता के लिए समाज के महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी।

# महाशिवरात्रि पर हुआ पार्थिव शिवलिंग का किया अभिषेक व पूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद





महाशिवरात्रि पर्व पर विधायक कार्यालय परिसर में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार द्वारा एक दिवसीय पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक सिन्हा परिवार सहित शामिल हुए। पुरोहितों द्वारा रुद्राभिषेक करवाया गया। इसके बाद हवन पूजन हुआ। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालुगण इस रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन में शामिल हुए।

बता दें कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार द्वारा श्रावण माह में एक माह रुद्राभिषेक व हवन पूजन कार्यक्रम का आयोजन करवाया जाता है। इसके अलावा कई अन्य मौकों पर भी रूद्राभिषेक एवं हवन पूजन करवाया जाता है। इसी तारतम्य में रविवार को महाशिवरात्रि पर एक दिवसीय पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाम 7 बजे से पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक शुरू हुआ। पुरोहित द्वारा मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक करवाया गया। पूजन में शामिल हुए सभी श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक किया। पश्चात हवन पूजन आरम्भ हुआ। सभी ने मिलकर हवन में आहूति दी। अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि जिस प्रकार देवों के देव महादेव पूजन के लिए श्रावण मास शुभ होता है, वैसे ही महाशिवरात्रि महादेव का दिन है। इस दिन सच्चे मन से उनकी उपासना करने से इच्छित फल की प्राप्ति होती है। आगे कहा कि महाशिवरात्रि को लेकर कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। इनमें यह भी है कि महाशिवरात्रि की रात फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था।

**आस्था : महाशिवरात्रि पर उमड़ा जनसैलाब, 10 हजार ने लिया प्रसाद**

# राजिम कुंभ में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया भक्तिन माता भोग भंडारे का प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

राजिम कुंभ मेला 2026 के पावन अवसर पर माघ पूर्णिमा से लेकर महाशिवरात्रि तक राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा आयोजित भोग भंडारा सेवा, सामाजिक समरसता और सनातन संस्कृति के प्रति आस्था का अनुपम उदाहरण बनकर सामने आया। 1 फरवरी से 15 फरवरी तक निरंतर चले इस भोग भंडारे में मेले में आए लाखों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की तथा लगभग एक लाख भक्तों ने भरपेट भोजन प्रसाद ग्रहण किया। यह भोग भंडारा विधायक रोहित साहू के मार्गदर्शन में, संरक्षक भुनेश्वर साहू, समिति के अध्यक्ष लाला साहू के सशक्त नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पूरे 15 दिनों तक यह आयोजन सेवा, सहयोग और समर्पण की भावना के साथ संचालित रहा, जिसमें साहू समाज के साथ-साथ सर्व समाज का उल्लेखनीय योगदान रहा। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर राजिम कुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। त्रिवेणी संगम में पुण्य स्नान हेतु लाखों श्रद्धालु पहुंचे। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर राजिम भक्तिन माता भोग भंडारा स्थल में श्री राजीव लोचन ट्रस्ट कमेटी के सहयोग से विशेष भोग भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें 10,000 से अधिक श्रद्धालु भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

**सेवा और समरसता की मिसाल**

इसी भावना के साथ यहां श्रद्धालुओं को ससम्मान थाली में बैठाकर भोजन कराया जा रहा है, जो वास्तव में पुण्य का कार्य है। भोग भंडारे में समिति के अध्यक्ष लाला साहू, नूतन साहू, आलोक साहू, रामकुमार साहू, बलराम साहू, श्याम साहू, डिगेश्वर साहू, विष्णु साहू, डॉ. ओंकार साहू, तरुण साहू, राजू साहू, भवानी शंकर साहू, चोवाराम साहू, नंदकुमार साहू, चमनलाल साहू, सुनीति साहू, चौकी साहू, गीता साहू, पार्षद बलराम यादव, तुषार साहू, भारती साहू सहित सिद्ध मनोकामना जन्मोत्सव वाले हनुमान मंदिर समिति के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भोग भंडारे में श्रद्धालुओं को चावल, दाल, सब्जी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध व्यंजन ससम्मान परोसे गए। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बना, बल्कि सामाजिक एकता, सेवा भावना और मानवता का सशक्त संदेश भी देता नजर आया। समिति ने कामना की कि राजिम कुंभ मेला में आए सभी श्रद्धालुओं पर भगवान श्री राजीव लोचन, श्री कुलेश्वर महादेव एवं राजिम भक्तिन माता की कृपा सदैव बनी रहे।



भोग भंडारे के मुख्य अतिथि श्री राजीव लोचन ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास जी रहे। विशिष्ट अतिथियों में राजिम भक्तिन माता समिति के मार्गदर्शक भुनेश्वर साहू, डॉ. नारायण साहू, घनश्याम साहू, गोवर्धन डागा, अनिल तिवारी, राघोबा महाड़िक, प्रबंधक पुरुषोत्तम मिश्रा उपस्थित रहे। साथ ही बस्तर वनांचल जिला साहू संघ कोंडागांव के अध्यक्ष राजेश साहू, महासचिव अशोक साहू एवं अन्य प्रमुख पदाधिकारी भी विशेष रूप से शामिल हुए। भोग भंडारे की शुरूआत अतिथियों द्वारा भगवान श्री राजीव लोचन एवं राजिम भक्तिन माता की पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ की गई। इस भोग भंडारा में क्षेत्र के प्रसिद्ध वैद्य ओमप्रकाश साहू द्वारा अपने बड़े पिताजी स्वर्गीय पुरुषोत्तम साहू की स्मृति में तथा युवा नेता पंकज पठारी का भी विशेष सहयोग रहा। इसके अतिरिक्त भोग भंडारे में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालु भक्तों के नाम से यह आयोजन समर्पित किया गया। मुख्य अतिथि महंत रामसुंदर दास ने कहा कि राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा कुंभ मेला में विगत 15 दिनों से निरंतर किया जा रहा यह सेवा कार्य अत्यंत सराहनीय, प्रशंसनीय और अनुकरणीय है। यह भोग भंडारा छोटे स्वरूप से प्रारंभ होकर आज वटवृक्ष का रूप ले चुका है। कहा कि जगन्नाथ के प्रसाद जगत पसारे हाथ।

# स्कूलों में लटका मिला ताला, बीईओ के औचक निरीक्षण से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में बदहाल शिक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार हमारे हरिभूमि अखबार में खबर प्रकाशित किया जाता रहा है और स्कूलों की जमीनी हकीकत का जायजा लेने जब विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मैनपुर महेश कुमार पटेल स्वयं दूरस्थ वनांचलों के स्कूलों में पहुंच रहे है तो वहां बदहाल स्थिति और स्कूलो में ताला देखकर भारी नराजगी जाहिर करते हुए संबंधित शिक्षको पर कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। मैनपुर क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था में कसावट लाने के लिए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल पिछले एक माह से वनांचल क्षेत्र के स्कूलो का औचक निरीक्षण करने से एक ओर हड़कंप मची हुई है वही कई गंभीर अनियमितता सामने आ रही है। विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय मैनपुर से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल आज 16 फरवरी दिन सोमवार को मैनपुर क्षेत्र के बेहद दुर्गम पहाड़ी इलाके के गांव प्राथमिक शाला अमली, मटाल, बेसराझर का अकास्मिक निरीक्षण इस दौरान प्राथमिक शाला अमली में ताला लगा मिला जिस पर यहा पदस्थ शिक्षक भुपेन्द्र कुमार यादव, संतोश नेताम दोनो अनुपस्थित पाये गये और स्कूल में ताला लटका हुआ था इसी तरह प्राथमिक शाला मटाल में भी एक शिक्षक चंद्रशेखर ध्रुव



अनुपस्थित पाये गये जिन्हे कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं दूसरी ओर ज्ञात हो कि 14 फरवरी दिन शनिवार को भी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पटेल ने प्राथमिक शाला बरगांव, माध्यमिक शाला जांगड़ा का निरीक्षण किया था इस दौरान अनुपस्थित शिक्षक संतोश सोरी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मैनपुर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल ने बताया उनके द्वारा लगातार स्कूलो का निरीक्षण किया जा रहा है दुरस्थ वनांचल स्कूलो में शिक्षक नही पहुंचने की शिकायत मिल रही है अनुपस्थित शिक्षको के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है और उचित कार्यवाही किया जा रहा है।

# राजधानी को सफाई में नंबर वन बनाने क्लीन सिटी का टास्क



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण-2025-26 में रायपुर शहर को देश का नंबर वन स्वच्छ शहर बनाने नगर निगम ने प्रशासनिक स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर जोन-3 की कमिश्नर प्रीति सिंह ने इसी सिलसिले में शंकर नगर स्थित कार्यालय में स्वच्छता रैंकिंग की तैयारी को लेकर बैठक ली, जिसमें जोन-3 के सभी 7 वार्डों में साफ-सफाई की पुख्ता तैयारी करने अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देश दिए। बैठक के दौरान जोन कमिश्नर ने निगम अमले को क्लीन सिटी का टास्क दिया। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिशा-निर्देश अनुसार कार्य करने कहा गया।

**सरदार पटेल वार्ड में स्वच्छता जागरूकता अभियान**

मार्च माह में केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए केंद्रीय टीम रायपुर शहर का सर्वे करने के सिलसिले में शहर आ रही है। इससे पूर्व नगर निगम प्रशासन ने जोन-7 के सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड में सघन स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को सूखा और गीला कचरा अलग-अलग कर डस्टबिन में सफाई कर्मचारियों को देने का संकल्प दिलाया। शहर को राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग सुधार के लिए घरेलू स्तर पर गीला और सूखा कचरा अलग करना अनिवार्य है। इस अभियान में से न केवल शहर की स्वच्छता का स्तर सुधरेगा, बल्कि बीमारियों के फैलाव में कमी आएगी और कचरा प्रबंधन अधिक प्रभावी होगा। नगर निगम जोन-7 की टीम ने गत दिनों वार्ड पार्षद दीप-मनीराम साहू और जोन अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा के नेतृत्व में घरों व दुकानों से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग देने समझाइश दी। सफाई एजेंसी रामकी के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर टीम ने समझाया कि सेनेटरी कचरे और घरेलू खतरनाक कचरे को सामान्य कूड़े से अलग रखना क्यों जरूरी है। अभियान के दौरान वार्ड के नागरिकों को स्वच्छता जागरूकता के पर्चे बांटे गए।

# गर्मी में बढ़ेगी बिजली की खपत 7000 मेगावाट के पार जाएगी मांग

**बीते साल गर्मी में खपत सात हजार मेगावाट तक गई थी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेश में इस बार गर्मी में बिजली की खपत का पारा आसमान पर जाने के पूरे आसार हैं। बीते साल खपत के 67 सौ मेगावाट तक जाने की संभावना जताई गई थी, लेकिन खपत सात हजार मेगावाट तक गई थी। इस बार खपत के सात हजार मेगावाट के पार जाने की पूरी संभावना है।

इसको देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने जहां अपने संयंत्रों के लिए भरपूर कोयले की व्यवस्था कर रखी है, वहीं सेंट्रल सेक्टर से भी चार हजार मेगावाट से ज्यादा बिजली लेने की व्यवस्था है। गर्मी में बिजली की कमी न होने का पॉवर कंपनी का दावा है। यह बात अलग है कि ऐन समय में अगर कंपनी के किसी संयंत्र में खराबी आ गई और वह बंद हो गया तो जरूर कुछ समय के लिए संकट आ सकता है। ऐसे में जरूर कटौती



करनी पड़ सकती है। इस बार अभी गर्मी का आगाज नहीं हुआ है। संभावना है कि होली के बाद पारा जब और चढ़ेगा तो खपत भी बढ़ने लगेगी। बीते साल मार्च में ही पारा लगातार आसमान पर जाने के कारण पूरे देश में बिजली की खपत बढ़ी थी और अपने राज्य में पहली बार मार्च में ही रिकॉर्ड खपत 63 सौ मेगावाट के पार होकर 64 सौ मेगावाट के करीब पहुंच गई थी।इस बार फरवरी में ही खपत छह हजार मेगावाट के करीब पहुंच गई है। अभी खपत 58 से 59 सौ मेगावाट हो रही है।

**खपत का बनेगा नया रिकॉर्ड**

इस बार गर्मी में जरूर खपत का नया रिकॉर्ड बनेगा। हो सकता है कि मार्च में भी बीते साल का रिकॉर्ड टूट जाए। मार्च में आमतौर पर बिजली की खपत इतनी ज्यादा नहीं होती है जितनी बीते साल हुई थी। पहले फरवरी में खपत छह हजार मेगावाट के पार गई। इसके बाद मार्च में यह खपत खपत 64 सौ मेगावाट के करीब पहुंच गई। 17 मार्च को पीक आवर में खपत 6376 मेगावाट तक गई थी। इस बार मार्च का आगाज होने पर मालूम होगा कि पारा कहां तक जाता है। उसके हिसाब से खपत भी होगी। लेकिन यह बात तय है कि इस बार मई-जून में जरूर खपत सात हजार मेगावाट के पार होगी।

# नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल में बच्चों ने बिखेरी भारतीय संस्कृति की छटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा



नगर के नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल छुरा में सांस्कृतिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पुलवामा हमले के शहीद अमर सपूतों को श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर शिव पार्वती विवाह ने सबका मन मोह लिया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद रहीं। अध्यक्षता नगर पंचायत उपाध्यक्ष अब्दुल समीम खान रिज़वी थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद हरीश यादव, सलीम मेमन, शांतनु देवांगन, दीप्ति यादव, यामिन खान मंचासीन थे। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद थानसिंग निषाद, सेवानिवृत्त व्याख्याता, सुप्रसिद्ध लोकगीत गायक के.आर. सिन्हा, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष टेमन लाल साहू विराजमान थे। अतिथियों द्वारा मां भारती एवं मां शारदे की पूजा अर्चना की गई। बच्चों के द्वारा मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की गई। शाल, श्रीफल, मोमेंटो के द्वारा अतिथि सत्कार किया गया। भावनृत्य द्वारा भी मेहमाननवाजी किया गया। मुख्य अतिथि लुकेश्वरी थानसिंग़ निषाद ने कहा कि बच्चों को सर्वांगीण विकास के लिए नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल द्वारा लगातार विविध कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। हमारी धरोहर, संस्कृति को बच्चों के माध्यम से प्रेषित करने के लिए विद्यालय परिवार को शुभकामना प्रेषित किए। पार्षद हरीश यादव ने कहा कि शिक्षा से संस्कार का जन्म होता है। यह शिक्षा की ही अनुपम देन है कि आज इस मंच पर हम गुरु शिष्य एक साथ विराजमान हैं। शिक्षाविद् के.आर. सिन्हा ने कहा कि बच्चे गीली मिट्टी की भांति होते हैं। उन्हें मूर्त रूप देने का काम शिक्षक एवं विद्यालय करता है। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष टेमन लाल साहू ने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। जिसे मंच पर परोसने का कार्य विद्यालय परिवार द्वारा किया जा रहा है। उपस्थित अतिथियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल की जमकर सराहना किया। बच्चों के द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना, शिव पार्वती विवाह ने सतयुग की ओर लौटने को मजबूत कर दिया। शिवगण, नंदी, भृंगी, भूत प्रेत के अद्भुत नृत्य एवं विवाह संस्कार के दृश्यों ने सबको आनंदित किया। कार्यक्रम में शिक्षक कृष्णेश यदु, जया यादव, देवबती निषाद, अर्चना साहू, चितरंजनी निषाद, मंजूलता साहू, हंसी साहू, खुशबू राजपूत, राजेश्वरी, सुधा सेनापति, हेमा साहू, यूनिश भारद्वाज, अंकित कंवर, स्टॉफ दशमत, राधा, हेमा, यश, धन्नू, डिगेश, डिगेश्वर आदि का विशेष योगदान रहा।

पेज 9 के शेष...

### एनएच 130 सी...

भिड़ंत बेहद जोरदार थी। टक्कर लगते ही मोटरसाइकिल कई मीटर दूर जा गिरी और सवार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। वहीं कार का चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और कार पलट गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल हरकू राम को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने प्राथमिक जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### सुहागा पाड़े बनीं भाजपा...

सरकार द्वारा देश और प्रदेश की महिलाओ को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने एवं मुख्यधारा में लाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित किया जा रहा है इन योजनाओ का लाभ ग्रामीण क्षेत्र के सभी महिलाओ को मिले इसके लिए विशेष प्रयास किया जायेगा। श्रीमति सुहागा पाड़े ने कहा भाजपा महिला मोर्चा का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी बढ़ाना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्षर किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय एवं महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी की अनुमति और जिला संगठन प्रभारी अमित चिमनानी व गरियाबंद जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर की सहमति से महिला मोर्चा गरियाबंद जिला अध्यक्ष श्रीमति बिंदु सिन्हा ने मैनपुर भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीमति सुहागा पाड़े को नियुक्त किया है। सुहागा पाड़े के महिला मोर्चा अध्यक्ष बनने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं ने हर्श व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### राम केवल इतिहास...

विनम्रता। उनके शब्दों ने उपस्थित जनसमुदाय को भावविभोर कर दिया। हजारों श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर उनका उदबोधन सुनते रहे। भीड़ द्वारा जय श्रीराम के उदघोष से पूरा मेला परिसर गूंजते रहा। आस्था और स्मृतियों का संगम अरुण गोविल को मंच पर देखकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। टीवी धारावाहिक में राम की भूमिका निभाने वाले कलाकार को साक्षात मंच पर देखकर कई लोग भावुक हो उठे। उनके व्यक्तित्व में आज भी वही सादगी और मर्यादा झलकती है, जिसने उन्हें घर-घर में पूजनीय बना दिया। मेले का भावपूर्ण समापन महाशिवरात्रि की रात्रि में भक्ति, भजन और प्रवचनों के बीच यह उदबोधन समापन का प्रमुख आकर्षण रहा। राजिम कुंभ कल्प मेला इस प्रकार आध्यात्मिक संदेश और सांस्कृतिक चेतना के साथ संपन्न हुआ। समापन अवसर पर दिया गया यह संदेश श्रद्धालुओं के हृदय में लंबे समय तक गूंजता रहेगा- राम को केवल मंदिर में नहीं, अपने आचरण में स्थापित करना ही सच्ची भक्ति है।

### अंचल से ठंड...

भी तेजी से बढ़ोतरी के संकेत हैं। धूप और तेज होगी और गर्म हवाओं का असर भी बढ़ेगा। आने वाले समय में मौसम में और बदलाव देखने को मिल सकता है, जिससे गर्मी का प्रभाव धीरे-धीरे बढ़ता जाएगा।मार्च के दूसरे सप्ताह से तेजी से चढ़ेगा पाराः मौसम विभाग के अनुसार फरवरी के अंतिम दिनों तक तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। मार्च के पहले सप्ताह तक स्थिति सामान्य रहेगी, लेकिन दूसरे सप्ताह से तापमान में तेज बढ़ोतरी के संकेत हैं। खासकर अधिकतम तापमान में तेजी से इजाफा होगा, जिससे गर्मी का असर बढ़ जाएगा। विभाग ने इस बार जिले में सामान्य से अधिक गर्मी पड़ने की संभावना जताई है।

**इस बार तेज गर्मी पड़ने की संभावना-** मौसम विभाग का मानना है कि इस बार मौसमी तंत्र ला नीना के असर से गर्मी भी अधिक पड़ सकती है। अधिकतम तापमान पिछले साल के रिकॉर्ड को पार कर सकता है। ला नीना के प्रभाव से इस बार ठंड भी लंबे समय तक बनी रही और जिले में 38 दिनों की शीतलहर दर्ज की गई। इसी आधार पर अनुमान है कि इस बार गर्मी भी सामान्य से अधिक रह सकती है। पिछले वर्ष अधिकतम तापमान 45.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा था और इस बार इसमें और वृद्धि की संभावना जताई जा रही है।

# वृंदावन विद्यालय में विद्यार्थियों ने की श्रीफल भेंटकर माता-पिता की पूजा

**महासमुंद**। वृंदावन विद्यालय इंग्लिश मिडियम हाईस्कूल में 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस अत्यंत उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में माता-पिता के प्रति आदर, प्रेम और कतज्ञता के संस्कारों को सुदढ़ करना था। कार्यक्रम का शुभांरम्भ संत प्रफुल्ल भाई व तामेश्वर साहू, संचालक एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, डायरेक्टर विनीथ विश्वनाथन, उपप्राचार्य इंदू मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका अमृता चन्द्राकर, वर्षा चन्द्राकर द्वारा मां सरस्वती व भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना से की गई। पश्चात संत प्रफुल्ल भाई व तामेश्वर का स्वागत भारतीय संस्कृति के अनुरूप तिलक लगाकर, माल्यार्पण व श्रीफल भेंटकर पूजन वंदन किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में संत प्रफुल्ल भाई व तामेश्वर द्वारा मातृ-पितृ पूजन का महत्व व जन्मदाता माता-पिता को जीवन में सर्वोपरि रखने एवं सदैव उनका सम्मान करने की सीख दी। उनके मुखारविंद व मंत्रोच्चारण से विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता का तिलक लगाकर पुष्पहार व श्रीफल द्वारा आरती पूजन कर परिक्रमा की और उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### राजिम कुंभ कल्प का समापन रात में उमड़ा आस्था का सैलाब सुबह पसरा रहा सन्नाटा

**राजिम।** राजिम में आयोजित कुंभ कल्प मेले का समापन महाशिवरात्रि की रात जिस उत्साह और अपार भीड़ के बीच हुआ, उसके ठीक अगले दिन का दृश्य बिल्कुल विपरीत नजर आया। रविवार देर रात तक लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ से भरा मेला स्थल सोमवार सुबह सूना और उजड़ा दिखाई दिया। रात में जनसैलाब, सुबह सन्नाटा। महाशिवरात्रि के दिन मुख्य मंदिरों और घाटों पर देर रात तक आस्था का सैलाब उमड़ता रहा। श्रद्धालुओं की लंबी कतारें, जयघोष, भजन-कीर्तन और रोशनी से जगमगाता परिसर-सब कुछ मानो किसी महोत्सव का चरम था। लेकिन जैसे ही पर्व बीता, दूसरे ही दिन वही मैदान खाली नजर आया। जहाँ कल तक कदम रखने की जगह नहीं थी, वहाँ अब धूल उड़ती दिखी। सिमटते तंबू, लौटते व्यापारी मेले में लगे सैकड़ों अस्थायी तंबू, दुकानें अब समेटे जाने लगे। व्यापारी अपना सामान पैक कर अपने-अपने गंतव्य की ओर लौटते दिखे। खिलौनों की आवाजें, मिठाइयों की खुशबू और चाट-फुल्की की दुकानों पर लगने वाली कतारें एकाएक इतिहास बन गईं। मेला खत्म, पैसा हजम की चर्चा स्थानीय लोगों के बीच एक कहावत के रूप में होती रही। इसका आशय यह कि आयोजन के दौरान धन का व्यापक प्रवाह दिखाई देता है, लेकिन समापन के साथ ही सब कुछ जैसे अचानक समाप्त हो जाता है। लोगों का कहना है कि मेले में करोड़ों का कारोबार होता है, होटल, दुकानें, परिवहन और छोटे व्यापारियों को लाभ हुआ। परंतु समापन के बाद मेला स्थल का खालीपन यह भी दर्शाता है कि यह रौनक क्षणिक है। राजिम का मेला आस्था और अर्थव्यवस्था दोनों का संगम है। महाशिवरात्रि की रात तक जहां उत्सव अपने चरम पर था, वहीं अगले ही दिन सन्नाटा। भीड़, व्यापार और भव्यता के बीच जो चहल-पहल थी, वह अब यादों में सिमट चुकी है।

### शिव मंदिरों में गूंजा हर-हर महादेव, हुआ जलाभिषेक

**नर्रा।** भगवान शिव के पावन पर्व महाशिवरात्रि को लेकर क्षेत्र में श्रद्धा और उलास का वातावरण रहा। रविवार को सुबह से ही गांव के शिव मंदिरों में भगवान शिव की पूजा अर्चना के लिए भक्तों की लंबी भीड़ लगी रही है। श्रद्धालुओं ने व्रत रख कर जल बेल पत्र, धतुरा, दूध, दही, मधु और फूल अर्पित कर देवो का देव महादेव भोले नाथ की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इस पावन पर्व पर ग्राम नर्रा के जोंक नदी तट पर शिवालय तालाब पार ग्राम मुड़पार, राटापाली, झिटकी, परकोम, परसुली, वनांचल क्षेत्र ग्राम भलेसर, भालुकोना, महादेवाधाम कसेकेरा समेत शिवालयों में मेले जैसे माहौल रहा। ग्रामीण क्षेत्र में पर्व को लेकर उत्साह दिखा। शिव मंदिर प्रांगण में पुरोहित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार कर विधिवत हवन पूजन एवं महाआरती कराई गई। पश्चात प्रसादी में खीर पुड़ी के अलावा महाभंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मानसगान कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

# दान-दक्षिणा और आशीर्वाद के साथ साधु-संतों की विदाई, सुव्यवस्थित ढंग से गंतव्य को हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम में आयोजित राजिम कुंभ कल्प मेला पंद्रह फरवरी महाशिवरात्रि की पावन रात को विधिवत रूप से संपन्न हो गया। श्रद्धा, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरे इस विराट आयोजन के समापन के ठीक अगले दिन, सोमवार 16 फरवरी को साधु-संतों के कैंपों में एक अलग ही दृश्य देखने को मिला। जिस उत्साह के साथ राजिम कुंभ मेले में शामिल होने के लिए पहुंचे साधु-संत अब अपने स्थान को लौटने लगे है। सोमवार दोपहर एक-एक साधु-संतो को उनके केटेगरी के हिसाब से दान दक्षिणा दी जा रही थी। दान दक्षिणा लेकर वे सीधे सामने खड़ी बसो में सवार होते गए और अपने स्थान के लिए रवाना हुए। इनके दान दक्षिणा के लिए अधिकारी टेबल लगाकर बैठे थे। पूरे कैंपस को चारों ओर से बैरिकेटिंग कर दिया गया था। साधु-संतों को एक-एक कर बुलाया जा रहा था, उन्हें नगद राशि प्रदान की जा रही थी तत्पश्चात उन्हें गाड़ियों में ससम्मान बिठाया जा रहा था। कैंपस के बाहर राजिम-रायपुर मार्ग के लिए चलने वाली मिनी बसें खड़ी थी। एक-एक गाड़ियों में क्षमता के अनुरूप उन्हें बसों में बैठाकर रवाना किया जा रहा था। पैसा वितरण करने वाले अधिकारियों के समक्ष धर्म संकट की स्थिति बन रही थी। विभिन्न पंथों और अखाड़ों से आए साधुओं की अपेक्षाएं अलग-अलग थीं। देखने में आया कि कई साधु कैंपस से निकलते वक्त शर्ट, पेंट में भी नजर आए। इनसे पुछने पर कहने लगे कि वे मेला के दौरान गेरूवा वस्त्र धारण किए थे। अब मेला खतम हो गया तो शर्ट, पेंट में लौट रहे है। दान दक्षिणा करने बैठे अधिकारी सुधीर दुबे ने कहा कि साधु-संतों की व्यवस्था संभालना कोई छोटी-मोटी बात नहीं है। उनकी नाराजगी भी कभी-कभी भारी पड़ता है। उन्हें मना भी लिया जाता है और वे मान भी जाते है। साधु-संत लौटते वक्त आशीर्वाद देकर निकल रहे थे।






### आस्था और प्रशासनिक दक्षता का संगम

बता दें कि इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी कर रहे चार अधिकारियों में शामिल अनुभवी अधिकारी सुधीर दुबे पिछले पंद्रह-बीस वर्षों से मेले की व्यवस्थाओं से जुड़े रहे हैं। स्थानीय स्तर पर उन्हें मेले के संचालन और संत-व्यवस्था का गहरा अनुभव रखने वाला अधिकारी माना जाता है। बताया कि साधु-संत पूरे पंद्रह दिन तक मेले में रहते हैं। उन्हें भोजन, आवास और अन्य सुविधाएं मिलती हैं। मेले का आनंद लेते हैं और अंत में विदाई के समय भुगतान भी किया जाता है। उन्हें संतुष्ट करते है। विदाई के समय दी जाने वाली राशि को वे इसी आतिथ्य का समापन मानते हैं। पिछले दो दशकों से मेले की जिम्मेदारी संभाल रहे अधिकारी के अनुभव पर किसी को संदेह नहीं है। व्यवस्था सुचारु रूप से संपन्न हो, कोई अव्यवस्था न फैले और सभी संत समय पर अपने गंतव्य को रवाना हों-यह प्रशासन की प्राथमिकता रही। राजिम कुंभ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था और प्रशासनिक दक्षता की परीक्षा भी है। साधु-संतों की गरिमामयी विदाई उतनी ही महत्वपूर्ण है जितना उनका स्वागत।
सूत्रों के अनुसार, कुछ प्रमुख और चर्चित साधुओं को विशेष आमंत्रण दिया जाता है। उन्हें हवाई यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। ऐसे संतों को मुख्य मंच पर स्थान मिलता है और उनके उदबोधन को कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण बनाया जाता है। इन साधुओं का स्वागत-सत्कार भी विशेष स्तर पर होता है। भुगतान और सम्मान राशि भी उनकी श्रेणी के अनुरूप अधिक होती है। मंच से दिए जाने वाले कुछ प्रवचनों में सरकार की नीतियों और कार्यों की खुलकर प्रशंसा भी सुनाई दी। कुछ साधुओं ने वर्तमान शासन की उपलब्धियों को रेखांकित किया।

## पर्व : हर-हर महादेव और बोल बम के गगनभेदी जयकारों से पूरा शहर

# जिले में महाकाल की तर्ज पर निकली बाबा भूतेश्वरनाथ की शाही पालकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर इस वर्ष नगर में आस्था, उल्लास और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। "हर-हर महादेव" और "बोल बम" के गगनभेदी जयकारों से पूरा शहर शिवमय हो उठा। हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा भूतेश्वर नाथ की भव्य पालकी और भोले की बारात में शामिल हुए। उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर बोल बम सेवा समिति द्वारा निकाली गई पालकी यात्रा इस वर्ष और अधिक भव्य रूप में नजर आई। मरौदा से प्रारंभ होकर पालकी पूरे नगर पालिका क्षेत्र का भ्रमण करती हुई श्रद्धालुओं को दर्शन देती चली। जिस-जिस वार्ड से पालकी गुजरी, वहां श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। जगह-जगह आरती उतारी गई और भक्ति भाव से वातावरण गुंजायमान रहा। पालकी को कंधा लगाने के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। जयकारों के बीच युवाओं की टोलियां भूत-पिशाच एवं शिवगणों के वेश में आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। शिव बारात का जीवंत चित्रण करते हुए युवाओं ने ऐसा दृश्य प्रस्तुत किया कि पूरा नगर भक्तिरस में डूब गया। डीजे की ताल पर झूमते श्रद्धालु और गूंजते जयकारों से माहौल अलौकिक प्रतीत हो रहा था। पालकी में विराजमान बाबा भूतेश्वर नाथ के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।




### सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी भोले की बारात में शामिल हुए। उन्होंने स्वयं पालकी को कंधा दिया और "बोल बम, हर-हर महादेव" के जयकारे लगाए। युवाओं के उत्साह को देखकर वे भी भक्ति में लीन नजर आए। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि नई पीढ़ी में भोलेनाथ के प्रति इतनी गहरी आस्था देखना सुखद है और यह समाज के लिए सकारात्मक संदेश है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने भी शिवालय पहुंचकर दर्शन किए और आयोजन की प्रशंसा की। भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पालकी यात्रा के दौरान पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर तैनात रहा और थाना प्रभारी ओम प्रकाश यादव ने स्वयं व्यवस्था की निगरानी की। महादेव सेना के स्वयंसेवक भी व्यवस्था संभालते नजर आए। श्रद्धालु पालकी के दर्शन और आशीर्वाद के लिए उत्सुक दिखाई दिए।



### नागपुर के कलाकारों ने दी प्रस्तुति

आयोजन में महाराष्ट्र की जय महामाया झांकी और वीर हनुमान झांकी, नागपुर के कलाकारों की प्रस्तुति, अभनपुर की रवि ऑडियो टीम, भव्य आतिशबाजी तथा छत्तीसगढ़ का पारंपरिक राउत नाचा विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। महाशिवरात्रि पर निकली बाबा भूतेश्वर नाथ की यह भव्य पालकी यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का जीवंत उत्सव बनकर उभरी। गरियाबंद की सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब इस बात का प्रमाण था कि भोलेनाथ के प्रति श्रद्धा आज भी जन-जन के हृदय में गहराई से रची-बसी है।

## आदिवासी समाज का फूटा गुस्सा

# कार्रवाई न होने पर 19 को चक्काजाम की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

शासकीय आदिवासी बालक आश्रम बड़ेगोबरा में एक आदिवासी बच्चे के बीमार पड़ने पर आश्रम प्रबंधन द्वारा इलाज में लापरवाही बरतने और देरी के कारण 30 जनवरी को एक छात्र राघव मंडावी की दर्दनाक मौत हो गई यह खबर मीडिया में आने के बाद प्रशासनिक हड़कंप मच गया और आनन फानन में जॉच कमेटी बनाई गई थी जिस पर आदिवासी समाज के लोगो ने लिपा-पोती का आरोप लगाया है और इस मामले में 09 फरवरी को जंगी रैली निकालकर एसडीएम मैनपुर को ज्ञापन सौपकर मांग किया था कि लापरवाह आश्रम अधीक्षक पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने के साथ ही उन्हे बर्खास्त करने और संबंधित अफसरो पर कार्यवाही की मांग किया गया था लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं किए जाने से आदिवासी समाज के लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। सोमवार को इस मामले को लेकर आदिवासी समाज की बैठक आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्रभर के समाज प्रमुख शामिल हुए और आगामी 19 फरवरी को इस मामले को लेकर मैनपुर नेशनल हाइवे में चक्काजाम करने की चेतावनी दिया है।


आश्रम के छात्र की इलाज के अभाव में मौत, परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल

आदिवासी नेता एवं जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, पूर्व सरपंच नोकेलाल ध्रुव, नैनसिंह नेताम, महनसिंह, फडिन्द्र ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शासकीय आदिवासी बालक आश्रम बड़ेगोबरा में अध्यनरत कक्षा सातवीं के छात्र राघव मंडावी आश्रम में एक सप्ताह से बीमार थे लेकिन आश्रम अधीक्षक एवं लापरवाह प्रबंधन ने न तो बच्चे का इलाज कराया न ही इसकी जानकारी उनके परिजनो को दी। मृतक छात्र के पिता फिरतुराम मंडावी ने बताया 26 जनवरी को जब अचानक वह आश्रम पहुंचे तो पता चला कि उसका बेटा राघव का बहुत ज्यादा तबीयत खराब है और उसका कोई इलाज नहीं किया जा रहा है। आदिवासी आश्रम के छात्र की मौत से आदिवासी समाज में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है और इस मामले को लेकर तथा आगामी 19 फरवरी चक्काजाम को सफल बनाने तथा मृतक के परिजनो को मुआवजा राशि की मांग को लेकर इन दिनो जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव के नेतृत्व में क्षेत्र के गांव-गांव में बैठक का दौर जारी है जिसमें चक्काजाम में ज्यादा से ज्यादा लोगों को शामिल होने की अपील किया जा रहा है।

# छुईहा में अनुयाज संकल्प गोष्ठी युग निर्माण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

जन्म शताब्दी कार्यक्रम बसंत पर्व 2026 जिला स्तरीय शताब्दी अनुयाज संकल्प (एक वर्षीय) के अन्तर्गत प्रज्ञा मंडल छुईहा में सोमवार को गोष्ठी का आयोजन सम्पन्न हुई। गोष्ठी का संचालन गायत्री शक्तिपीठ राजिम से वरिष्ठ गायत्री परिवार पुरन साहू, टीकम सेन, कुलदीप भारतीय थे। संचालक द्वय ने गोष्ठी में छुईहा, धुरसा, मुरमुरा कसेरूडीही, फुरझर इत्यादि गांव से पहुंचे सदस्य को मार्गदर्शन दीशा दे रहे हैं। उन्होंने कहा की गायत्री परिवार द्वारा 2026 में वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य के अवसर पर जिला स्तरीय शताब्दी अनुयाज संकल्प गोष्ठी आयोजित छुईहा में सोमवार को की गई। इस एक वर्षीय अनुष्ठान के तहत, प्रज्ञा मंडल के माध्यम से आध्यात्मिक और सामाजिक परिवर्तन, युग निर्माण योजना, और सद्भाव के संकल्पों पर चर्चा की गई। उद्देश्य बताते हुए कहा युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की तपस्थली और माताजी के अवतरण के 100 वर्ष (शताब्दी) को भव्य रूप से मनाने की योजना बनाना शामिल हूये है। प्रत्येक सदस्य एक वर्षीय संकल्प में प्रज्ञा परिजनों द्वारा साधना, सेवा और चेतना जागृत करने के लिए विशेष अभियान का संकल्प लिया गया। गोष्ठी में विभिन्न प्रज्ञा परिजनों, समन्वयकों और साधकों की भागीदारी रही थी। आगे बताया कि यह गोष्ठी बैठक आने वाले समय में आध्यात्मिक चेतना और सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन की नींव रखेगा। कहा की जिस प्रकार एक गगनचुंबी इमारत एक ठोस नींव पर मजबूती से खड़ी होती है, उसी प्रकार साधना की गहराई और ईमानदारी इस शताब्दी आंदोलन की सफलता निर्धारित करेगी। इस मौके पर समन्वयक टीकमचंद सेन, प्रभारी पुरन लाल साहू, अध्यक्ष प्रज्ञा मंडल चेतन सिन्हा, वरिष्ठ मार्गदर्शक कुलदीप कृष्ण भारतीय, माधव यादव, वरिष्ठ राजाराम सिन्हा, दुर्गाराम सिन्हा, जमुना ध्रुव,भागवती साहू, तिलक राम साहू, रामजी सिन्हा, बाबू लाल साहू, परमश्वर ध्रुव, कामताराम साहू, धन बाई सिन्हा, भागीरथी सिन्हा, लुकेश सिन्हा, भागीरथी सिन्हा उपस्थित थे।



# 36वें राज्य स्तरीय मानस गान सम्मेलन का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)



तीन दिवसीय राज्य स्तरीय मानस गान सम्मेलन का भव्य आयोजन ग्राम मुड़ागांव में किया गया। जहां राम नाम रुपी पतित पावनी मन्दाकिनी गंगा में गोता लगाने का लाभ ग्राम वासियों को मिला महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से जय भवानी मानस परिवार के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति लगातार 36 वा वर्ष आयोजन किया जा रहा है। मानस गान का प्रारंभ कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। प्रथम दिवस जय भवानी मानस परिवार , स्वर धारा मानस परिवार ओनवा, सिद्धू मानस परिवार खुटेरी महासमुन्द, द्वितीय दिवस रविवार को विंध्यवासिनी मानस परिवार गोकुलपुर धमतरी, प्रयास मानस परिवार बोईरगांव पत्तियां, राघवेंद्र मानस परिवार चरोदा घटारानी, श्री राम मानस परिवार मोतीमपुर धमतरी, तोरणद्वार मानस परिवार बरेकेल महासमुन्द तृतीय दिवस ज्योति मानस परिवार, फिंगेश्वरी श्री राम दरबार मानस परिवार चितमखार महासमुंद, श्री राम चरित मानस परिवार खलना नुआपाड़ा (ओडीशा), पंचमुखी मानस परिवार आमदी धमतरी, संतोष मानस परिवार गोदला बाहरा गरियाबंद, सृष्टि बालिका मानस परिवार सिंगदेही भखारा धमतरी, जय चितावर महिला मानस परिवार सारागांव गरियाबंद,की प्रस्तुति हुई। प्रति दिवस सैकड़ों लोग शामिल होकर श्रीराम कथा का रसपान किया। कथा प्रसंग में वेद प्रकाश यादव आमदी धमतरी ने बताया कि जो शिव से द्रोह करतें हैं वह घोर नरक को भोगते हैं। उन्होंने कहा कि श्री राम कथा समस्त प्राणियों के लिए कल्याणकारी हैं।समापन दिवस में विशाल भोजन भंडारा के साथ हवन पूजन कर पूर्ण आहुति की गई संचालन देवनारायण यदु और खिलेश ध्रुव ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष देवनारायण यादव उपाध्यक्ष ,खिलेश ध्रुव ,सचिव ओमकर दास,फगेश साहू, सलाहकार सहदेव ध्रुव,झुमसिंह,अवध राम ध्रुव, रेखा राम ध्रुव, खुमान यादव योगेंद्र पोर्ते केवल दीवान, एस के वर्मा प्राचार्य, खोलबाहरीन, जय मां गहरी कबड्डी संघ के सभी सदस्य कुमारी नीलिमा नेताम, नरेंद्र कुमार दीवान राजू यादव वेदांत सेन नंद कुमार सिंह, श्याम बाई पहाड़िया, विकास दीवान, लावण्या दीवान, कियारा दीवान जानसिंह दीवान, एवं समस्त

# पूर्व विधायक शाह की पत्नी राजदुलारी पंचतत्व में विलीन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

बिंद्रानवागढ़ के पूर्व विधायक कुमार ओंकार शाह की धर्मपत्नी राजदुलारी शाह का अंतिम संस्कार छुरा शाही श्मशान घाट में रीति रिवाज और सामाजिक व धार्मिक परंपराओं के साथ संपन्न हुआ अंतिम यात्रा में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों व नगर सहित हजारों की संख्या में लोक अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे थे।अंतिम दर्शन के लिए उनके समाज के प्रमुख पदाधिकारी लोकेंद्र सिंह कोमर्रा, टीकम सिंह कपिल,खेदुराम नेगी, रणजीत सिंह ठाकुर, बिसेराम ठाकुर, तिहारसिंह नेताम, दयाराम नागेश, भागसिंह कोमर्रा, बुधराम मरकाम, कन्हैया लाल, गुजरात सिंह, गुलाब सिंह नेताम, टांकेश्वर मरकाम, परसराम ठाकुर, सेवक राम जगत, महेंद्र नेताम, गोपी राम, श्रवण कुमार, नेमीचंद मरकाम, हेमनारायण धुर्वा, उमेश कुमार दाऊ, प्रकाश कोमर्रा, टेशुराम, दिलेश बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, राजिम विधानसभा की पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, दूधाधारी मठ के पीठाधीश रामसुंदर दास कांग्रेस, जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष छुरा खोमन चंद्राकर, जिला पंचायत सभापति लेखराज धुर्वा, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, नीलकंठ ठाकुर समाजसेवी शीतल ध्रुव सहित नगर के प्रमुख व्यावसायिक व गणमान्य नागरिक विभिन्न राजनीतिक दालों के जनप्रतिनिधि सामाजिक कार्यकर्ता व पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंतिम यात्रा में उमड़ी भीड़ ने राजदुलारी शाह की के व्यवहार और समाज में विशेष स्थान बनाया था जिसे स्पष्ट कर दिया उनके निधन से समाज में अपूरणी क्षती है।

## श्री शिव महापुराण कथा में झुम उठे श्रद्धालु

# शिव महापुराण कथा के श्रवण से जन्म जन्मांतर के पापों का होता है नाश : पंडित नंदकिशोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय से लगे ग्राम हरदीभाठा ग्रामवासियो एवं श्रीराम सेना हिन्दु युवा संगठन द्वारा 13 फरवरी से 16 फरवरी सोमवार तक श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान कथा वाचक पंड़ित नंदकिशोर चौबे ने श्रद्धालुओ को संदेश देते हुए कहा श्री शिव महापुराण कथा का श्रवण फलदायी है यह जन्म जन्मांतर के पापो का नाश करता है। मोक्ष ज्ञापन सुख और समृद्धि प्रदान करता है। श्रद्धापूर्वक कथा सुनने से असाध्य रोग, संतानहीनता और भाग्यहीनता दूर हो जाती है यह मन को शुद्ध करती है भक्तिभाव बढ़ाती है ओर साधक को शिवलोक प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। इस दौरान पंडित नंदकिशोर चौबे ने गुणनिधि कथा, नारद अभिमान, सति कथा, पार्वती जन्म, गणेश कार्तिक जन्म की कथा, शिव पार्वती विवाह कथा, शिवरात्रि की महिमा, बिल्वपत्र की महिमा एवं आज अंतिम दिन तास्कासुर, त्रिपुरासुर, बाणासुर उद्धार, पशुपति व्रत कथा, वृंदा जलंधर प्रसंग, 12 ज्योतिलिंर्ग कथा बेहद ही मनमोहक ढंग से सुनाया तो हजारो श्रद्धालु झुम उठे। कथा के समापन पर भगवान शिव की आरती शुरू हुई तो श्रद्धालु झुम उठे। पूरे पंडाल में तालियो का शोर और आरती सुनाई देने लगी हर हर महादेव के जयकारे गुंजने लगे। महिला युवा, बुजुर्ग भगवान भोले की भक्ति में लीन हो गये।

### महाशिवरात्रि पर शिव पार्वती विवाह की झांकी



श्री शिव महापुराण कथा के दौरान महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की बारात और भव्य झांकी का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ गांव में सुबह से ही धार्मिक माहौल बना हुआ था। कथा के दौरान शिव पार्वती विवाह को आकर्शक झांकी के रूप में प्रस्तुत किया गया बच्चों ने शिव पार्वती की वेशभूषा में सुंदर अभिनय किया शिव बारात में ढोल नंगाड़ो की गूंज, फूलों की वर्षा पारंपरिक गीत संगीत ने आयोजन को भव्यता प्रदान की। इस पूरे कार्यक्रम में ग्राम व क्षेत्रवासी शामिल हुए साथ ही महाभंडरा और प्रसाद वितरण किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
**संदर्भ :-** जिला - रायपुर तहसील - अभनपुर प.ह.न. - 00021 अभनपुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202526441630800043

**ईश्तहार**

तहसील अभनपुर के प.ह.न. 00021 के अंतर्गत ग्राम अभनपुर के वर्तमान भूमिस्वामी चोवा हेमलाल खिलावन चेतन सिह गायत्री पिता/पति-ध्रुव बांदे पता-सा. देह, आरती भारती अंसारी उर्वशी यमुना नवरंगे रेखा बांधे खेम अंसारी पिता/पति ईश्वरी दास पता- ग्राम चरमुड़िया तहसील कुरूद जिला धमतरी छ.ग., मुंगिया बाई बुंदिया बाई रामबाई दयाबाई पिता/पति-मनटोरा पी. जेठू झनक नंदकुमार पी. हीरामन पता-सा देह, हेमिन परेमीन बिसनी बिसवंतीन पि. बोधवा पिता/पति चोवा हेमलाल खिलावन चेतन सिह गायत्री पि ध्रुव बांदे पता-सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 144(0.0490), 639 (0.2510), 800 (0.7480), 875 (1.0280) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता चोवा हेमलाल खिलावन चेतन सिह गायत्री पिता/पति-ध्रुव बांदे पता - सा. देह, आरती भारती अंसारी उर्वशी यमुना नवरंगे रेखा बांधे खेम अंसारी पिता/पति - ईश्वरी दास पता- ग्राम चरमुड़िया तहसील कुरूद जिला धमतरी छ.ग., हेमिन परेमीन बिसनी बिसवंतीन पि बोधवा पिता/पति-चोवा हेमलाल खिलावन चेतन सिह गायत्री पि ध्रुव बांदे पता-सा. देह के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17/02/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार अभनपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/01/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
**तहसीलदार :** SITA SHUKLA
**तहसील अभनपुर**

## खबर संक्षेप

### पेंशन राशि 500 से बढ़ाकर 15 सौ रुपए करे सरकार : इंद्रजीत

**कोपरा।** जिला पंचायत सदस्य व समाजसेवी और युवा नेता इंद्रजीत महाडिक ने राज्य सरकार से वृद्धा, विधवा, दिव्यांग तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत मिलने वाली मासिक पेंशन राशि



को 500 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये करने की तत्काल मांग की है। उन्होंने कहा कि मौजूदा राशि पेंशनधारियों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में पूरी तरह से असमर्थ है। महाडिक ने बताया कि अधिकांश पेंशनधारी पूरी तरह से असहाय हैं और उनकी आजीविका का एकमात्र सहारा यही पेंशन है। उन्होंने कहा की महंगाई के इस दौर में 500 रुपये में कुछ नहीं होता। ये लोग दवा-इलाज तक का खर्च नहीं उठा पाते। कई पेंशनधारी डॉक्टर के पास जाने के बाद भी पैसे न होने के कारण उधार में इलाज करवाते हैं और पेंशन के भरोसे बैठे रहते हैं।/"उन्होंने पेंशन के अनियमित भुगतान पर भी गंभीर चिंता जताई। पेंशन राशि अक्सर समय पर नहीं मिलती, कभी-कभी दो-तीन महीने तक की देरी हो जाती है। इस दौरान पेंशनधारियों को बार-बार बैंक के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जो बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए एक बड़ी यातना है।

### सुरेन्द्र रात्रे भाजपा अजा के मंत्री बनाए गए

**छुईहा बेलर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश किरण सिंह देव एवं संगठन महामंत्री पवन साय एवं



अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े की अनुमति और जिला संगठन प्रभारी अमित चिमनानी और जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर के सहमति से अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष उत्तम राजवंशी ने अपने कार्यसमिति की भाजपा कार्यकर्ता सुरेन्द्र रात्रे बेलर जिला भाजपा अजा मंत्री पद नियुक्त किया है। भाजपा कार्यकर्ता में हर्ष व्याप्त है।

### क्वॉड ड्रोन क्रय के लिए 98 हजार रूपए स्वीकत

**मैनपुर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मिडियम स्कूल देवभोग के ड्रोन क्रय के लिए 98 हजार 900 रूपये की स्वीकृति प्रदान की है बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ने



पिछले दिनों छात्रों को ड्रोन क्रय करने राशि देने का वायदा किया था। मिली जानकारी के अनुसार बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा के विधायक जनक धुरव की अनुशंसा पर कलेक्टर श्री बीएस उइके ने क्वॉड ड्रोन क्रय के लिए 98 हजार 900 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखण्ड देवभोग अंतर्गत नगर पंचायत देवभोग में आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल के लिए एयरो मॉडलिंग हेतु क्वॉड ड्रोन क्रय के लिए 98 हजार 900 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त कार्य के लिए क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद को सौंपा गया है।

### झेरिया लोहार समाज खल्लारी परिक्षेत्र का हुआ चुनाव

**खल्लारी।** झेरिया लोहार समाज खल्लारी परिक्षेत्र के पदाधिकारी व कार्यकारिणीयों का चुनाव हुआ। जिसमें समाज के परिक्षेत्र अध्यक्ष नीलकंठ विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष डोमन विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष भोला राम विश्वकर्मा, सचिव लीलेश्वर विश्वकर्मा, सहसचिव डॉ राज, सलाहकार दामेश्वर विश्वकर्मा, संचालक जनक विश्वकर्मा चुने गए। वहीं समाज के पंचगणों में दयाराम विश्वकर्मा, जतिराम विश्वकर्मा, रामजी, बोधि विश्वकर्मा, यादूराम, डेरहा विश्वकर्मा, लीला राम व महिला पदाधिकारियों में से अध्यक्ष भारती विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष रेखा विश्वकर्मा, संगठन मंत्री दुकलहीन विश्वकर्मा, महिला पंच सरस्वती विश्वकर्मा व समाज सेवक आशाराम विश्वकर्मा, पानसिंग विश्वकर्मा को नियुक्त किया है। इनके नियुक्त पर सामाजिकजनों ने हर्ष जताया है।

---

**सौगात : सीएम ने दी राजिम को बैराज की सौगात, 136 गांवों को मिलेगा पेयजल**

# बैराज निर्माण केवल एक ढांचा नहीं, बल्कि क्षेत्र के लिए जीवनदायिनी साबित होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर एक ऐतिहासिक घोषणा ने पूरे क्षेत्र में नई उम्मीद जगा दी। राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजिम को बैराज निर्माण की सौगात देने की घोषणा की। इस महत्वाकांक्षी परियोजना से 136 गांवों को स्थायी पेयजल सुविधा मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा। इस घोषणा के पीछे विधायक रोहित साहू के सतत प्रयासों को निर्णायक माना जा रहा है। बता दें कि राजिम और आसपास के ग्रामीण अंचलों में पेयजल संकट की समस्या रहा है। गर्मी के दिनों में जलस्तर गिरने से कई गांवों में स्थिति विकट हो जाती है। विधायक रोहित साहू ने इस मुद्दे को लगातार सीएम विष्णुदेव साय के ध्यान में लाया। सूत्रों के अनुसार, उन्होंने संबंधित विभागों के साथ बैठकें कर तकनीकी प्रस्ताव तैयार करवाया और मुख्यमंत्री के समक्ष विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस पर मुख्यमंत्री श्री साय ने गंभीरता दिखाई। महाशिवरात्रि जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा बैराज की घोषणा को केवल राजनीतिक निर्णय नहीं, बल्कि क्षेत्रीय आवश्यकता की गंभीर स्वीकृति के रूप में देखा जा रहा है। यह स्पष्ट संकेत है कि मुख्यमंत्री श्री साय ने विधायक के प्रस्ताव को प्राथमिकता दी और क्षेत्र की मूलभूत समस्या के समाधान को गंभीरता से लिया।

### साधु-संतों के लिए 50 लाख रुपए की लागत से बनेगा धर्मशाला

राजिम कुंभ कल्प में देश-विदेश से आने वाले साधु-संतों की सुविधा का ध्यान रखते



हुए मुख्यमंत्री ने एक और महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने साधु-संतों के विश्राम के लिए राजीव लोचन मंदिर के समीप 50 लाख रुपए की लागत से एक आधुनिक धर्मशाला के निर्माण की मंजूरी दी है। इससे राजिम कुंभ कल्प के अलावा वर्षभर राजिम आने वाले साधु संतों को स्थायी विश्रामालय की सुविधा प्राप्त होगी तथा वर्षभर साधु संतों का राजिम में जमावड़ा बना रहेगा। विधायक रोहित साहू ने इन सौगातों के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया है। राजिम सहित आसपास के तमाम गांव के लोगो एवं स्थानीय नागरिको ने विधायक रोहित साहू के इस सदप्रयासों की मुक्त कंठ से सराहना कर रहे हैं।

### राजिम का विकास तीर्थराज प्रयाग की तरह होगा : रोहित

विधायक रोहित साहू ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि बैराज बनने से राजिम में पर्यटन विकास को नए पंख लगेंगे। नदी में स्थायी रूप से जलभराव रहने से यहाँ बोटिंग और नौका विहार की स्थायी सुविधा विकसित होगी साथ ही वाटर स्पोर्ट्स की गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और राजिम आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।



उन्होंने कहा कि गंगा की तर्ज पर महानदी का पुनरुद्धार होगा और जिस प्रकार प्रयागराज में नदियों के संगम पर जल का उचित प्रबंधन और पर्यटन बुनियादी ढांचा विकसित किया गया है ठीक उसी तर्ज पर राजिम का भी विकास होगा। संगम के आसपास रिवर फ्रंट, सुंदर घाटों का निर्माण और प्रकाश की व्यवस्था भी की जाएगी। इससे छत्तीसगढ़ का प्रयाग कही जाने वाली राजिम की आध्यात्मिक गरिमा और बढ़ेगी। इसके अलावा भविष्य में आयोजित होने वाले राजिम कुंभ कल्प के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं देने में आसानी होगी। उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में और प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में सुशासन की यह सरकार विकास की नई परिभाषा गढ़ रही है। जब से प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनी है तब से डबल गति से विकास कार्यों की स्वीकृति मिल रही है। मुख्यमंत्री के इस महत्वपूर्ण घोषणा से राजिम की आध्यात्मिक गरिमा में अभिवृद्धि होगी और इसकी वैश्विक स्तर पर पहचान भी बढ़ेगी। राजिम का विकास राजिम की गरिमा और जनभावनाओं के अनुरूप हो इसके लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। हमने बनाया है और हम ही संवारेंगे की तर्ज पर हमारी सरकार पूरे प्रदेश को संवारने में लगी है इसी क्रम में राजिम को नई सौगातें लगातार मिल रही है। इस परियोजना का एक महत्वपूर्ण पहलू महानदी का संरक्षण भी है। गंगा पुनरुद्धार की तर्ज पर ही महानदी पुनरुद्धार एवं संरक्षण अभियान को इस बैराज निर्माण से अत्यधिक बल मिलेगा। इससे नदी की स्वच्छता और अविरलता बनी रहेगी। संगम तट पर स्थाई गंगा आरती घाट का निर्माण भी किया जाएगा जिससे वर्षभर प्रतिदिन महानदी मैया की आरती का आयोजन होगा।

### 136 गांवों को मिलेगा लाभ

बैराज निर्माण से न केवल राजिम नगर, बल्कि आसपास के 136 गांवों को स्थायी पेयजल की आपूर्ति न केवल सुनिश्चित होगी बल्कि वाटर लेवल भी बढ़ेगा। इससे ग्रामीणों को गर्मी के मौसम में राहत मिलेगी। कृषि और पशुपालन गतिविधियों को भी अप्रत्यक्ष लाभ होगा। भूजल स्तर पर दबाव कम होगा। सीएम की इस घोषणा के बाद क्षेत्र में उत्साह का वातावरण बना है। पूरे क्षेत्र में विधायक रोहित साहू के प्रयासों की सराहना हो रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का कहना है कि जनहित के मुद्दों को लगातार उठाने का ही परिणाम है कि इतनी बड़ी परियोजना को स्वीकृति मिली। राजिम को बैराज की सौगात केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि 136 गांवों की प्यास बुझाने की दिशा में बड़ा कदम है। विधायक रोहित साहू के प्रयासों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा गंभीरता से लेते हुए की गई यह घोषणा क्षेत्रीय विकास की नई इबारत लिखने की ओर संकेत करती है। बता दें कि छत्तीसगढ़ की धर्मनगरी जो प्रयागराज के रूप में प्रसिद्ध राजिम को अब उत्तरप्रदेश के प्रयागराज की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित राजिम कुंभ कल्प 2026 के समापन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्य मंच से क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं को ऐतिहासिक सौगात देते हुए संगम तट पर बैराज निर्माण की घोषणा की। इस परियोजना का उद्देश्य राजिम को राष्ट्रीय स्तर के धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करना है। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री के इस घोषणा के साथ ही वर्षों से चली आ रही श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों की मांग पूरी हो गई। इस बैराज के निर्माण से राजिम के त्रिवेणी संगम में अब बारहों महीने जलभराव की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

---

## शिक्षक ने बच्चों को कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी लोहरसी में सोमवार को एक अनूठा और हृदयस्पर्शी आयोजन देखने को मिला, जब विद्यालय ग्राम के शिक्षक मधेश कुमार साहू ने अपने छोटे भाई गुलाब टेमिन प्रिया साहू को प्रथम पुत्र रत्न की प्राप्ति के उपलक्ष्य में आयोजित छटठी समारोह की खुशियों को विद्यालय परिवार के साथ साझा किया। इस शुभ अवसर पर उन्होंने विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों एवं स्टाफ को स्नेहपूर्वक प्रधानमंत्री सुपोषण योजना के तहत न्यौता भोज प्रदान किया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस आत्मीय कार्यक्रम में बच्चों के चेहरे पर विशेष उत्साह और आनंद झलक रहा था। शिक्षक साहू ने कहा कि जीवन की खुशियाँ तभी सार्थक होती हैं, जब उन्हें समाज और अपने कार्यस्थल परिवार के साथ साझा किया जाए। उन्होंने नवजात शिशु के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी से आशीर्वाद प्रदान करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान



विद्यार्थियों , शिक्षक, पालक को ससम्मान बैठाकर स्वादिष्ट भोजन खीर पूड़ी, बड़ा, चावल, दाल, आलू चना की सब्जी मधेश कुमार साहू, गुलाब प्रिया साहू ने अपने हाथों से परोसा। बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ भोजन ग्रहण किया तथा अपने शिक्षक के इस स्नेहपूर्ण व्यवहार के लिए आभार व्यक्त किया। विद्यालय परिवार ने भी नवजात शिशु के स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन की शुभकामनाएं दीं। प्रधान पाठक भागचंद चतुर्वेदी ने मधेश कुमार साहू के इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यालय में पारिवारिक वातावरण सुदृढ़ होता है और बच्चों में सामाजिक संस्कारों का विकास होता है। समारोह के अंत में सभी ने नवजात शिशु के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं कीं। यह आयोजन विद्यालय परिवार के लिए एक यादगार और प्रेरणादायी क्षण बन गया।न्यौता भोज कार्यक्रम में शिक्षक लालजी सिंहा, टीकूराम ध्रुव, रेखराम निषाद, प्रदीप कुमार साहू, पालक रेखा यादव, शांति यादव, हितेश साहू, टोमन लाल साहू, देवव्रत साहू भुवन यादव, करण साहू, चमन ध्रुव सहित उपस्थित 81बच्चे लाभांवित हुए।

## टंकेश्वर नाथ मंदिर में हुआ महारुद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

विकासखंड अंतर्गत ग्राम टोनहीडबरी स्थित टंकेश्वर नाथ महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर महारुद्राभिषेक एवं पूजन का भव्य आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन के तहत दोपहर 12 बजे से भण्डारे की शुरुआत हुई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि में रुद्राभिषेक पूजन को चार चरणों में सम्पन्न कराया गया। प्रथम चरण रात 8 बजे, द्वितीय चरण 12 बजे, तृतीय चरण 2 बजे तथा चतुर्थ चरण एवं विशेष श्रृंगार प्रातः 4 बजे से आरंभ हुआ। इसके बाद सुबह 6 बजे विधिवत हवन तथा सवा लाख बत्ती के साथ महाआरती की गई। इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा।

पूरे अनुष्ठान को आचार्य घनश्याम महाराज (देवीभागवताचार्य, कोतमा, मध्यप्रदेश) एवं पंडित धर्मदत्त पाण्डेय के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न कराया गया। विद्वान आचार्यों ने रुद्राभिषेक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महाशिवरात्रि की रात्रि में किया गया जप-तप और अभिषेक विशेष फलदायी होता है।



इस धार्मिक परंपरा को मिश्रा परिवार– बालमुकुंद मिश्रा, अभिषेक मिश्रा एवं रेनू मिश्रा द्वारा विगत 10 से 15 वर्षों से निरंतर निभाया जा रहा है। हर वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है, जिससे यह आयोजन क्षेत्र में आस्था का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। महाशिवरात्रि की रात भगवान शिवलिंग को दूल्हे के रूप में आकर्षक ढंग से सजाया गया। भोग, आरती और दर्शन के लिए सुबह तक भक्तों की कतार लगी रही। स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ रायपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पुण्य लाभ अर्जित किया।

### मंदिरों में गूंजा हर हर महादेव



**पाण्डुका।** पाण्डुका अंचल सहित पूरे ग्रामीण अंचलों में रविवार को महाशिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिरों में सुबह से पूजा पाठ शुरू हो गया जिसमें भक्त गण सुबह चार बजे से स्नान कर मंदिर में भगवान दर्शन के लिए पहुंचते रहे तो वही घरों में विराजित किए गए शिवलिंग की पूजा होती रही महाशिवरात्रि में भगवान शिव को प्रसन्न करने भक्त नदी तालाब में डुबकी लगाते दिखे शिवलिंग में फूल बेल, पत्र प्रसाद चढ़ाकर पूजा में लगे रहे इस पर पंडितों की बुकिंग भी रात्रि तक चलती रही लोग जगह- जगह खीर, पूरी, सेब, केला, भोजन प्रसादी बाटने लगे रहे, जो कि पाण्डुका अंचल में जगह -जगह देखने को मिला राजिम, भूतेश्वरनाथ बड़े मंदिरों में भारी भीड़ देखने कों मिला दर्शन करने के लिए दर्शणार्थी लोगों का आवा जाहि दिनभर लगा रहा।

## 73वें श्रीरामचरितमानस यज्ञ का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

मानस मंदिर छुरा में आयोजित 73वें श्रीरामचरितमानस यज्ञ का समापन पूर्णाहुति एवं भक्ति भाव से सम्पन्न हुआ। यज्ञ के अंतिम दिवस प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या मंदिर परिसर में उपस्थित रही परिक्रमा किया और मध्याह्न के पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूर्णाहुति अर्पित की गई। पूरे यज्ञ काल में प्रतिदिन मानस पाठ, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक प्रवचनों का आयोजन किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। मानस समिति द्वारा सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया गया कि 73 वर्षों से निरंतर चल रहा यह मानस यज्ञ क्षेत्र में धर्म, संस्कृति एवं आध्यात्मिक जागरण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। समापन अवसर पर भंडारा का भी आयोजन कर कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया। इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष बिसेसर दीवान, सचिव बजरंग पाण्डेय, सचिव



शीतल ध्रुव, धनंजय शुक्ला, नथमल शर्मा, शैलेन्द्र दीक्षित, कामता प्रसाद सिन्हा, सेवन पाण्डेय, गणेशु साहू, ओमप्रकाश द्विवेदी, पंडित यज्ञेश प्रसाद पाण्डेय, अशोक दीक्षित, टंकेश्वर देवांगन, लिखन कंवर, शिवदयाल दीवान, शिवराम, रमेश ध्रुव, तिलक तारक, पतिराम, खम्मन साहू, श्यामसुंदर, सुभाष बैगा, कुमार, निखिल साहू, विनोद देवांगन, मनहरण पटेल, हीरालाल साहू, पोषण वर्मा, ललित वर्मा, पुखराज ठाकुर, रामकुमार साहू, रूपेश शर्मा, ओमप्रकाश यादव, मिथलेश सिन्हा, अर्जुन धनंजय सिन्हा, विमल पुरोहित, शिक्षक मानस परिवार मुख्य जजमान प्रहलाद पटेल, काजल पटेल, कंगालू राम सिन्हा, गोपाल सोनी, संतोष मेहता, हरीश शर्मा, मेषनंदन पाण्डेय, एकलव्य शर्मा, ईश्वर सिन्हा, हिमांशु निर्मलकर, यश सिन्हा, आदर्श महिला मंडल छुरा, शिवशक्ति महिला मंडली एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु, मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## संकुल स्तर पर प्रधान पाठकों को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांडुका

संकुल केंद्र पांडुका मे विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि गण पूर्व माध्यमिक शाला सरकड़ा के सेवानिवृत्त प्रधान पाठक एआर साहू, प्राथमिक शाला सरकड़ा के प्रधान पाठक के. पाल एवं पैरी कॉलोनी प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक निर्मला शर्मा को संकुल स्तर पर भावभीनी विदाई दी गई। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना पश्चात उनका स्वागत कर स्मृति चिन्ह, शाल, श्री फल भेंट कर सम्मान किया गया। उसके पश्चात शिक्षकों ने अपने-अपने विचार व्यक्त कर सेवानिवृत्त प्रधान पाठकों के सुखी जीवन, उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वाय. आर. साहू प्राचार्य





शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पांडुका ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में माध्यमिक शाला पांडुका के प्रधान पाठक एमएल तारक, माध्यमिक शाला सरकड़ा के प्रधान पाठक बी .आर. ध्रुव एवं संकुल समन्वयक योगेंद्र साहू थे। इस कार्यक्रम में पांडुका के प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक गोकुल राम निषाद, प्राथमिक शाला सरकड़ा के प्रधान पाठक भुनेश्वर यादव, प्राथमिक शाला नवाडीह के प्रधान पाठक तारिणी शर्मा एवं अन्य शिक्षकों में भूपेंद्र कुमार साहू, ढालचंद साहू, मनोज कुमार साहू, रागिनी जायसवाल, कुसुम सिंह, सुरेखा तारक, सोनल चौहान, सावित्री मारकंडे, एकता गांधी, नीता यादव, उदय बांधकर, विवेक शुक्ला आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री गोकुल राम निषाद ने किया।

**200 गांवों के ग्रामीणों को अब नहीं करना होगा 60 किमी का सफर**

## गोहरापदर में बैंक ऑफ बड़ौदा की नई शाखा का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम गोहरापदर में बैंक ऑफ बड़ौदा ब्रांच का शुभारंभ कर गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने कहा 200 गांव के लोगों को राष्ट्रीयकृत बैंक ,इससे सभी वर्गो की आर्थिक उन्नति की राह आसान होगा। गोहरापदर में आज बैंक ऑफ बड़ौदा के नए ब्रांच का उद्घाटन गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने किया। संस्थान के महाप्रबंधक, दिवाकर पी सिंग पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी की उपस्थिति में ब्रांच का विधिवत शुभारंभ किया गया। क्षेत्र के व्यापारी, महिला समूह सदस्य, कारोबारी समेत बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग आयोजन में भाग लिए। छत्तीसगढ़ शासन से अनुबंधित बैंक लीड बैंक की भूमिका निभा रही है,ऐसे में



राष्ट्रीयकृत बैंक के इस अंचल में खुलने से कारोबारी, कर्मचारी और महिला स्वसहायता समूहों को बैंकिक सुविधा आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी।कलेक्टर ने कहा कि शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में आसानी होगी। किसानों को फायदा होगा और स्वास्थ्यता समूह की आर्थिक उन्नति के राह में आगे बढ़ेंगे।आसपास के 200 गांव को राष्ट्रीयकृत बैंक के सेवा लेने 25 से 60 किमी का सफर तय करना जाना पड़ता था अब परेशानी नहीं होगी। पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी ने कहा कि लंबे समय के बाद मिले राष्ट्रीयबैंक की सुविधा सभी वर्गो के लिए हितकारी साबित होगा। मांझी ने अपील कर कहा कि बैंक और हमारी जरूरत एक दूसरे के पूरक होते हैं,ऐसे में इस बैंक में जल्द खाता खुलवाकर बैंक को आगे बढ़ाने में भी सहयोग करे। बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक दिवाकर पी सिंग ने कहा कि संस्थान पूरी तरह डिजिटल है,ऑन लाइन बैंकिंग के अलावा क्रेडिड डेबिट कार्ड की संपूर्ण सुविधा देगी।किसानों को कृषि लोन ही नहीं हम कार लोन भी उपलब्ध कराएंगे। बैंक अफसर ने खाता का सदुपयोग करने, जागरूक ग्राहक बनने और ठगी करने वालो के झांसा में आकर अपना नुकसान नहीं कराने की अपील किया है । इस आयोजन में क्षेत्रीय प्रबन्धक बनाम्बर बेहेरा, क्षेत्रीय उपप्रबन्धक ओंकार नाथ सिंह, आरबीडी एम जगेश्वर सामंत, देवभोग बैंक मैनेजर निगमानंद मेहेर, गोहरापदर नए ब्रांच मैनेजर हितेश कुमार साहू, लंबोदर साहू समेत बड़ी संख्या में बैंक पदाधिकारी मौजूद रहे।

